भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या – 2950

दिनांक 13.08.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

भारत–पाकिस्तान संबंधों की स्थिति

2950. श्री मल्लिकार्जुन खरगे:

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मई, 2025 में युद्धविराम संबंधी सहमति के बाद स्थापित डीजीएमओ स्तर की हॉटलाइन के अतिरिक्त, वर्तमान में पाकिस्तान के साथ आधिकारिक स्तर पर बातचीत का कोई माध्यम सक्रिय है;

(ख) पाकिस्तान के समकक्षों के साथ ट्रैक–2 वार्ताओं में सेवानिवृत भारतीय राजनयिकों, सैन्य अधिकारियों अथवा सिविल सोसाइटी से जुड़े व्यक्तियों की भागीदारी के संबंध में सरकार के आकलन और जारी की गई किसी परामर्शी का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या पहलगाम हमले के बाद सिंधु जल संधि को स्थगित रखने का घोषित निर्णय अभी भी प्रभावी है और क्या इस विषय पर पाकिस्तान की ओर से कोई बातचीत हुई है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क से ग) वर्तमान में, भारत और पाकिस्तान एक–दूसरे की राजधानी में अपने–अपने राजनयिक मिशन बनाए हुए हैं। दोनों पक्षों के बीच कामकाज संबंधित सहभागिता जारी हैं, जिनमें डीजीएमओ–स्तर की बातचीत, बैलिस्टिक मिसाइलों के उड़ान परीक्षण की पूर्व–सूचना का आदान–प्रदान, परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान–प्रदान और एक–दूसरे की हिरासत में रखे कैदियों की सूची का आदान–प्रदान शामिल है।

दोनों पक्षों के थिंक–टैंक और शिक्षाविदों के बीच होने वाली सहभागिता भारत सरकार के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। व्यक्ति अपनी निजी क्षमता में ट्रेक–2 संवादों में भाग लेते हैं, और उनके विचार भारत सरकार के विचारों को नहीं दर्शाते हैं।

दिनांक 22 अप्रैल 2025 को पाकिस्तान–समर्थित आतंकवादियों द्वारा किए गए पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में, भारत ने कई राजनयिक कदम उठाए, जिनमें सिंधु जल संधि को स्थगित करना शामिल है। यह संधि तब तक स्थगित रहेगी जब तक पाकिस्तान सीमा–पार आतंकवाद को अपना समर्थन विश्वसनीय और निश्चित तौर पर छोड़ नहीं देता।

*****